**28/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम जापान और चीन की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। प्रधानमंत्री टोक्यो में 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की जापान की आठवीं यात्रा होगी और उनके समकक्ष शिगेरु इशिबा के साथ पहली शिखर बैठक होगी। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, प्रधानमंत्री 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन की यात्रा करेंगे और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री जन-धन योजना को आज 11 साल पूरे हो गए हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से की थी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री जन-धन योजना की झलकियाँ साझा करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि कैसे इस योजना ने पूरे भारत में वित्तीय बहिष्कार से सशक्तिकरण की ओर जीवन को बदल दिया है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी.परनाइक ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राज्य के लोगों, विशेषकर खिलाड़ियों और युवाओं को हार्दिक बधाई दी है। यह दिवस भारत रत्न मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह अवसर सभी को शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से जागृत रहने के लिए प्रेरित करेगा।

0000000000000000000000

राज्य के नागरिक उड्डयन मंत्री बालो राजा ने आज होलोंगी स्थित दोन्यी पोलो एयरपोर्ट से आउटबाउंड एयर कार्गो सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कार्गो सेवा की घोषणा करते हुए, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने ज़ोर देकर कहा कि यह सेवा राज्य में तेज़ी से बाज़ार संपर्क स्थापित करके, व्यापार के अवसरों का विस्तार कर कृषि-अर्थव्यवस्था को मज़बूत करके किसानों और कृषि-उद्यमियों को काफ़ी बढ़ावा देगी।

0000000000000000000000

असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच समन्वय को मजबूत करने और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, अंतर-राज्यीय सीमा मुद्दों पर एक संयुक्त बैठक बुधवार को असम के लखीमपुर स्थित ऑटोनोमस काउंसिल नारायणपुर, के कॉम्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई।

बैठक में दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिन्होंने सीमा संबंधी मामलों को सुलझाने के लिए आपसी विश्वास, सहयोग और संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में अंतर-राज्यीय सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "सीमा बंधु" कार्यक्रम शुरू करने का भी निर्णय लिया गया।

0000000000000000000000

कृषि विभाग, नामसाई द्वारा पतंजलि फूड्स लिमिटेड के सहयोग से आज चौखाम में मेगा ऑयल पाम प्लांटेशन ड्राइव पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नामसाई विधायक चाउ झिंगनु नामचूम ने भी भाग लिया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि राज्य के किसानों को सशक्त बनाकर, स्थायी आजीविका का सृजन करके और आत्मनिर्भर भारत के साथ मिलकर विकसित अरुणाचल के सपने को साकार करके कृषि एवं बागवानी विकास के नए रास्ते खोल रहा है।

0000000000000000000000

अरुणाचल की हैंडलूम हेरिटेज को एक बढ़ावा देते हुए, उत्तर पूर्वी हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम की प्रबंध निदेशक, मारा कोचो ने कल ईटानगर में एक अधिकृत यार्न डिपो का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य अहिंसा सिल्क और प्रीमियम एरी यार्न सहित पूर्वश्री यार्न तक सीधी पहुँच सुनिश्चित करना है।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने कहा कि इस कदम से स्थानीय कारीगरों को गुणवत्तापूर्ण कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, हथकरघा मूल्य श्रृंखला मजबूत होगी और राज्य भर के बुनकरों के लिए आजीविका के अवसर बढ़ेंगे।

0000000000000000000000

रागी फ़सल तकनीकों को बढ़ावा देने एवं किसानों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान को मजबूत करने के उद्देश्य से आज तवांग जिले के लुंगका सर्कल के अंतर्गत फोमेंग और ख्लेटेंग में, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के एनईएच कार्यक्रम के अंतर्गत, उत्तराखंड के अल्मोड़ा स्थित ICAR विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, तवांग के सहयोग से फ़िंगर मिलेट फ़ील्ड डेज़ और किसान-वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए।

0000000000000000000000

डायरेक्टर (मॉनिटरिंग) मोकिर एशी ओरी के नेतृत्व में एक निगरानी दल ने आज अपर सुबनसिरी जिले में DDSY योजनाओं के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 तक पूर्ण और निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजनाओं की स्थिति का निरीक्षण और सत्यापन किया एवं लाभार्थियों से आय और कर्मचारियों के सृजन पर विस्तृत रिपोर्ट भी देखी। इसके तहत निगरानी दल ने अपर सुबनसिरी जिले के विभिन्न स्थानों पर 13 से अधिक परियोजना स्थलों का निरीक्षण किया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 15 जिलों तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, सियांग, अपर सियांग, लोअर सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000